# रोडवेज बस व ट्रॉले की आमने-सामने भिड़ंत, छह घायल

## सड़क पर जमा गंदा पानी बना हादसे का कारण

**चूरू, (कासं)।** रोडवेज बस व ट्रोले के आमने सामने की भिड़ंत में छह जने घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार शहर के बिसाऊ रोड पर मंगलवार दोपहर करीब दो बजे रोडवेज बस व ट्रोले की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे हादसे में रोडवेज बस चालक सहित छह जने घायल हो गये। जिन्हें एंबूलेंस से राजकीय डेडराज भरतीया अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां घायलों का इलाज किया गया।

हादसा उस समय हुआ जब रोडवेज बस चूरू से झुंझुनूं जा रही थी। तभी बिसाऊ रोड पर टीवीएस एजेंसी के सामने मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रोले व बस में भिड़ंत हो गयी। हादसे में बिसाऊ निवासी दुर्गाप्रसाद,, झुंझुनूं निवासी सुमित्रा, बिसाऊ निवासी अब्दुल माजीद, शाबा, बहरोड़ निवासी प्रवीण कुमार व बस चालक चिड़ावा निवासी प्रमोद कुमार घायल हो गये। हादसे के बाद एक बार तो बस में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हादस इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक प्रमोद अपने कैबिन में बुरी तरह फंस गया। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर



**चूरू में बिसाऊ रोड पर रोडवेज बस व ट्रोले में आमने-सामने की भिड़ंत हो जाने से बस चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया जिसे लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।**

निकाला। हादसे के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस थाना के एसआई रमेश कुमार पन्नू पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घायलों को 108 एंबूलेंस से अस्पताल पहुंचाया। चालक को बस से बाहर निकलवाकर पुलिस ने रास्ता खुलवाकर वाहनों को निकाला। वहीं ट्रोले में कंकरीट भरी हुई थी। जो झुंझनूं से रावतसर लेकर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस व ट्रोले के आमने सामने की भिड़ंत का मुख्य कारण सड़क पर जमा गंदा पानी था। पानी से बचाकर दोनो ही वाहन निकालना चाह रहे थे कि अचानक आमने-सामने आने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। गौरतलब है कि चूरू शहर में सड़कों पर नालियों का पानी बहकर सड़कों पर आ जाता है। जिसके कारण कभी भी कोई हादसा घटित हो सकता है। शहर में जहां पर कुंओं से पेयजल सप्लाई होता है वहां पर रात दिन पानी नलों से बहता रहता है। जिससे पानी की बर्बादी तो होती ही है। वही पानी नालियों में आगे निकासी नहीं होने से सड़कों पर आ जाता है। जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी के कारण डामर की सड़कों पर बड़े गड्डे बन जात हैं। जिसमें से वाहन चालक बचकर निकलने के चक्कर में हादसे का शिकार हो जाते हैं।

- घायलों को भरतीया अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया
- घटना के बाद वाहनों की कतार लगने से यातायात प्रभावित हुआ

# थाने में आपस में जमकर भिड़े किन्नर, एक-दूसरे के कपड़े फाड़े

## अजमेर के तोपदड़ा क्षेत्र में बधाई लेने को लेकर हुआ विवाद



**बधाई को लेकर आपस में भिड़े किन्नर थाने में शिकायत देने पहुंचे।**

**अजमेर, (कासं)।** तोपदड़ा क्षेत्र में बधाई लेने को लेकर किन्नरों के दो गुट भिड़ गए। यहां जमकर मारपीट हुई। इसमें दो किन्नर गम्भीर घायल होकर बेसुध हो गया। जिसे उपचार के लिए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किन्नरों ने एक दूसरे को नकली बताकर अवैध वसूली का आरोप लगाया। बाद में किन्नर क्लॉक टावर थाने पहुंचे और वहां भी पुलिस के सामने एक-दूसरे से मारपीट कर दी।

जानकारी के अनुसार, तोपदड़ा में कुछ किन्नर बधाई लेने के लिए गए। इस दौरान दूसरा गुट आ गया और एक दूसरे पर अवैध व जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए कहासुनी हुई। इसी बीच दोनों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक किन्नर शिवानिया जख्मी हो गई, जिसे जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय लेकर गए। जहां उपचार चल रहा। इसके बाद किन्नरों के दोनों गुट क्लॉक टावर थाने पहुंचे। यहां पुलिस के समक्ष भी जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक दूसरे के कपडे फ़ाड़ दिए। किन्नर काजल बाई का कहना रहा कि सांसी बस्ती की औरते व उनके बेटे अवैध वसूली करते है। इनमें कुछ किन्नर है लेकिन वे गलत काम करते हैं। उनको शामिल नहीं कर सकते। बधाई के लिए गए उनके चेलों पर हमला कर जख्मी किया। थाने आए तो यहां भी मारपीट की।

दिव्या बाई ने कहा कि वे भी किन्नर है और उनको भी एरिया मिलना चाहिए। उनको बाहर कर दिया। अब जब वे बधाई के लिए जाते है तो लड़ाई झगड़ा करते है। सावे में तो साथ रखते है और बाद में निकाल देते हैं। हम कहां जाएंगे। आज भी मारपीट की।

क्लॉक टावर थाने के उपनिरीक्षक केसाराम ने कहा कि किन्नरों में झगड़ा हुआ और थाने भी आए। शिकायत दे मिलेगी तो नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

# डीपी से तेल चोरी की वारदातों का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने बताया कि अजमेर के ब्यावर सदर, नसीराबाद खरवा, मांगलियावास अजमेर शहर पीसांगन आदि जगह पर डीपी चोरी की वारदात के सम्बन्ध में कई वारदात हो रखी थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्पेशल टीम को चोरी की वारदातों के खुलासे के लिए निर्देशित कर रखा था। पुलिस थाना ब्यावर सदर नसीराबाद सदर, मांगलियास पीसांगन आदि जगह पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर ने बताया कि स्पेशल टीम वारदात के आधार पर पूर्व में चालानशुदा मुल्जिमानों का डाटा बेस तैयार कर सभी से पूछताछ की गई। घटना के सम्बन्ध में मुखबीर द्वारा भी जानकारी ली गई। इसी दौरान जिला स्पेशल टीम के हिम्मत तौषिक व गजेन्द्र मीणा को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि अजमेर में ब्यावर, नसीराबाद, मांगलियावास, खरवा के आस-पास हो रही ड़ीपी चोरी की वारदात में संदिग्ध सरगना मस्तान व उसके साथी सुरेन्द्र अपनी संदिग्ध टैम्पो में खरवा के आस-पास होटल के पास खड़े है और अपने साथी का इंतजार कर रहे है। जिनको तुरन्त पकड़ा जाये तो डीपी चोरी वारदातों के साथ अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी ब्यावर सदर मय जाप्ता, स्पेशल टीम के सदस्यों द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर संदिग्ध आरोपियों मस्तान और सुरेन्द्र को पकड़ा जिनसे मौके पर एक पिकअप बरामद की गई। जिन्होंने पूछताछ के दौरान वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। चोरी गये माल के सम्बन्ध में पूछताछ जारी है। वारदात में लिप्त साजन और हीरा भी है।

आरोपियों द्वारा मांगलियावास बाईपास हाईवे के पास, खरवा स्कूल के पास रास्ते पर, पीपलाज रीको एरिया व गांव के पास, मसूदा पुलिया के पास, देलवाडा पुलिया के पास, गढी थोरियान, लामाना पुलिया, आदर्शनगर एरिया के पास, नसीराबाद के आस-पास, बिटूर पचभद्रा के आस-पास पिछले 3 साल में लगभग ब्यावर सदर, मांगलियावास, नसीराबाद, अजमेर, मसूदा, खरवा जवाजा भीम आदि जगह से कुल 200 से भी ज्यादा चोरी करना स्वीकार किया है।

## खेत में महिला का शव मिला

**भरतपुर, (निसं)।** सेवर थाना क्षेत्र के गांव झारौली व बांसी खुर्द के समीप एक खेत में महिला का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान विस्दा गांव निवासी ब्रजेश की पत्नी सुलेखा के रूप में की गई। जिस पर सेवर थाना पुलिस ने मृतका के शव का जिला अस्पताल मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि सुलेखा अपने घर से बिना बताए सात सितंबर को चली गई थी। जिस पर उसके ससुरालीजन ने उसकी सब जगह तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। जिस पर ब्रजेश ने सुलेखा की गुमशुदगी की रिपोर्ट सेवर थाना पर दर्ज कराई थी। वहीं उसकी तलाश भी की जा रही थी। वहीं शव की सूचना मिलने पर ब्रजेश ने परिजनों के शव को देखा और शव की पहचान सुलेखा के रूप में की। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंधान में जुटी हुई है।

# पशु क्रूरता रैली प्रकरण में 11 लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में रविवार को डॉक्टर रजनीश गाला द्वारा कुत्ते को अपनी चलती कार से घसीटने के विरोध में सोमवार को पशु प्रेमियों की तरफ से रैली निकाली गई। रैली के बाद पशु प्रेमियों ने डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन भी दिया।

रैली छंटने के समय ही एक खुरापाती युवक ने रैली में युवती से छेडछाड कर डाली। जिससे माहौल बिगड गया और जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। युवक के साथ रैली में आए लोगों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर छेडछाड करने वाले युवक को गाडी में डाल दिया। गाडी की खिडकी पास में ट्राफिक निरीक्षक गोविंद व्यास खडे थे। तब किसी ने हेलमेट को हवा में उछाल दिया जिससे उनके सिर पर चोट लगी। साथ ही धक्काधूम में उनके पैरों पर भी चोट आई। बिगडे माहौल के बीच पुलिस ने छेडछाड करने वाले युवक सहित वहां रैली में आए दस अन्य लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार किया। आज इन सभी को कोर्ट में पेश किया गया।

युवती ने अपने साथ हुई छेडछाड की रिपोर्ट युवक के खिलाफ दी। वहीं ट्राफिर निरीक्षक गोविंद व्यास की तरफ से राजकार्य में बाधा डाले जाने का प्रकरण दर्ज करवाया गया।

शास्त्रीनगर थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को पशु प्रेमियों की तरफ से पशु क्रूरता को लेकर रैली निकाली। यह रैली थाने के सामने से रवाना होकर शास्त्री सर्किल होते हुए बाद में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के घर तक आई। रैली की अगवानी शंकरनगर निवासी कुलदीप खत्री पुत्र अर्जुनदास खत्री की तरफ से की जा रही थी। रैली में शामिल पशु प्रेमी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर प्राचार्य के घर के बाहर प्रदर्शन करने लगे। बाद में रैली में शामिल लोगों ने एक ज्ञापन भी डॉक्टर के खिलाफ प्रिंसीपल को दिया।

थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि रैली छंटने लगी तब एक युवक नागौर जिले के मूंडवा निवासी अर्जुन चौधरी ने रैली में युवती से छेडछाड कर ली। इस पर युवती ने विरोध जताया। जिससे माहौल गर्मा गया। युवक से रैली में आए लोग मारपीट भ्ाी करने लगे। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए अर्जुन चौधरी को गाडी में बिठा दिया। उसे गाडी में बिठाए जाने के समय यातायात पुलिस निरीक्षक गोविंद व्यास गाडी की खिडकी के पास में खडे हो गए। रैली में आए लोग आरोपी को बाहर निकालने पर अड गए और पुलिस से धक्काधूम करने लगे।

थानाधिकारी ने बताया कि किसी ने हेलमेट हवा में उछाल दिया जिससे निरीक्षक व्यास को वह चोट लग गई। पुलिस से धक्काधूम और पुलिस को कार्रवाई करते रोक ने पर राजकार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं युवती ने भी आरोपी युवक के खिलाफ छेडछाड में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपी अर्जुन चौधरी सहित दस अन्य को शांति भंग में गिरफ्तार किया है।

# शिक्षक नियुक्त करने के लिए छात्र बीकानेर पहुंचे

**बीकानेर, (कासं)।** सोढ वाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की मांग को लेकर पिछले 6 दिनों से चल रहे आंदोलन में मंगलवार को ग्रामीण व स्टूडेंट्स आक्रोशित हो गए। प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा मांग नहीं मानने पर जिला मुख्यालय पैदल कूच किया है। वर्तमान में इस स्कूल में 500 से अधिक स्टूडेंट्स है लेकिन 14 पद रिक्त चलने व 2 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई चौपट हो रही है। लगातार 6 दिन से चल रहे आंदोलन में अब तक शिक्षा विभाग ने कोई सुध नहीं ली है। सोमवार को धरना स्थल पर उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार वर्मा व ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी रेवन्तराम पड़िहार ने ग्रामीणों व विद्यार्थियों से वार्ता की। लेकिन ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा मांग पूरी नहीं करने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। वहीं प्रशासन व विभाग का रूख देखकर मंगलवार को कूच शुरू किया।

इस दौरान श्रवण कुमार कायल सहित ग्रामीण भी मौके पर मौजूद थे। बताया कि ग्रामीण युवा शक्ति सहित विद्यार्थियों के भविष्य के लिए सब एकजुट है। सरकार को विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। 6 दिन धरने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। आखिर जिला मुख्यालय कूच कर मांगें पूरी करवाई जायेगी। गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्तमान में 500 से अधिक स्टूडेंट्स के लिए मात्र 10 का स्टाफ है। इनमें से दो शिक्षकों का करीब तीन साल से अन्यत्र प्रतिनियुक्ति पर लगा रखे हैं तथा शाला में वर्तमान में 14 शिक्षकों के पद रिक्त है। विद्यालय में नियुक्त 10 शिक्षकों में से 2 प्रतिनियुक्ति के अलावा 14 पद लम्बे समय से रिक्त है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य के पद खाली है। इसके अलावा द्वितीय श्रेणी में गणित, विज्ञान व अंग्रेजी, तृतीय श्रेणी में एल-वन के तीन, एल-टू के 2 पद तथा एक-एक पद सामान्य शिक्षक, कनिष्ठ लिपिक व सहायक कर्मचारी के खाली चल रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब आठ महीने पहले विद्यालय में शिक्षकों की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हड़ताल शुरू की थी। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवन्तराम पड़िहार ने विद्यालय में अन्यत्र प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए दो शिक्षकों को 15 दिवस में विद्यालय में कार्यग्रहण का आश्वासन देने पर ग्रामीणों ने हड़ताल खत्म कर दी गई।

## पिता को पीटने की घटना की निन्दा

**जोधपुर, (कासं)।** रातानाडा थानान्तर्गत अजीत कॉलोनी में एक युवक द्वारा रविवार को अपने पिता को सरेराह पीटने की घटना की वृद्ध सेवा समिति ने कड़ी निन्दा की है। इस घटना का किसी पड़ोसी ने विडियो बना कर वायरल कर दिया था। उसके बाद से यह विडियो शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बेटे ने वृद्ध पिता को दौड़ा दौड़ा कर भगाया और पीटा। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस ने आरोपी पुत्र को देर रात हिरासत में लिया। परिजन की तरफ से उसके खिलाफ लिखित शिकायत दी गई है।

# फाइनेंस कंपनी में 14 लाख 48 हजार रुपए का गबन

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड के बिछीवाडा ब्रांच के 2 क्रेडिट मैनेजर पर 14 लाख 48 हजार रुपए के गबन का आरोप लगा है। मामले को लेकर ब्रांच मैनेजर ने बिछीवाडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

हेड कॉन्स्टेबल तुलसीराम परमार ने बताया कि भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड के बिछीवाडा ब्रांच के मैनेजर रतनसिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि भारत फाइनेंस की ओर से ग्रामीण और शहरी महिलाओं को लोन देकर उनकी आर्थिक मदद की जाती है। बैंक की ओर से उन महिलाओं से किश्त के रूप में रिकवरी की जाती है। ब्रांच क्रेडिट मैनेजर के रूप में कार्यरत हर्ष शर्मा और दीपेंद्र सिंह महिला समूहों से रिकवरी का काम करते थे। दोनों ने मिलकर महिला समूहों की बकाया राशि को ले लिया लेकिन उनकी राशि बैंक खाते में वापस जमा नहीं करवाई। आरोपियों ने महिलाओं को बड़ा लोन दिलवाने का लालच देकर उनसे रुपए भी ले लिए।

सेंटर मीटिंग में मॉनिटरिंग के दौरान महिलाओं ने बडे लोन के बारे में पूछा तो इस बात का खुलासा हुआ। बैठक में महिलाओं ने कहा कि पुराने लोन की सभी किश्तें जमा करवा दी गई हैं। वहीं उन्हें नया लोन देने के लिए कहा गया है। ब्रांच मैनेजर रतनसिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बैंक के लॉकर से भी 10,87,231 रुपए चोरी किए हैं।

# कोटड़ा महोत्सव में बंगाल और लद्दाख के कलाकार देंगे प्रस्तुति



**कोटड़ा महोत्सव की तैयारी में जुटे स्थानीय कलाकार।**

**उदयपुर, (कसं)।** देश-दुनिया में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन सिटी के रूप में शुमार लेकसिटी उदयपुर में आने वाले पर्यटकों को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाने और जनजाति कला संस्कृति से रूबरू कराते हुए ग्रामीण पर्यटन को बढ ावा देने के लिए जिला कलक्टर ताराचंद मीणा की पहल पर 27 सितंबर से पहला तीन दिवसीय कोटडा ट्राइबल फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर 27 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले भव्य कोटडा महोत्सव में चार चाँद लगाने हेतु कई तैयारियां की गई है। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बताया है कि कोटडा महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण पर्यटन को विश्व पटल तक ले जाने के उद्देश्य से प्रशासन दिन रात कार्य कर रहा है। इसके लिए न सिर्फ स्थानीय लोक कलाकार, बल्कि छह अन्य राज्यों से विशेष कलाकारों के दलों को यहाँ बुलाया जा रहा है।

साथ ही राजस्थान राज्य के भी विभिन्न जिलों से आने वाले कलाकारों के दल यहाँ परफोर्म कर पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग प्रकार की स्टॉल्स भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कलक्टर मीणा ने बताया कि कोटडा महोत्सव में पश्चिम बंगाल से नटुवा नृत्य दल, उडिसा से सिंगारी नृत्य दल, लद्दाख से जबरो एवं याक डांस दल, गुजरात से राठवा नृत्य दल, महाराष्ट्र से सौंगी मुखौवटे नृत्य का दल एवं मध्यप्रदेश से गुतुम्ब बाजा एवं सिला कर्मा नृत्य का दल यहाँ अपनी प्रस्तुति देंगे।

सभी दलों ने प्रशासन को महोत्सव में आने हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन दलों का पूर्वाभ्यास 25-26 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इसके तहत 25 सितंबर को भारतीय लोक कला मंडल में दलों का पूर्वाभ्यास प्रशासन द्वारा देखा जाएगा एवं 26 सितंबर को कोटडा में पूर्वाभ्यास देखा जाएगा। कोटडा महोत्सव में राजस्थान के बारां से सहरिया स्वांग दल, कुशलगढ बांसवाडा से गैर नृत्य दल, नापला बांसवाडा से घूमरा नृत्य दल, ऋषभदेव से गवरी नृत्य दल, उपलागढ आबूरोड से वालर अथवा रायन नृत्य दल, अम्बासा एवं झाडोल से मावलिया नृत्य दल, उदयपुर से अमित गमेती के नेतृत्व में गवरी नृत्य दल आदि शामिल होंगे।

## सड़क हादसे में पार्षद घायल

**भरतपुर, (निस)।** कांग्रेस की मनोनीत पार्षद परवीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए उनके परिजनों ने जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। नगर निगम की मनोनीत पार्षद परवीन अपने भाई राजू के साथ रनजीत नगर स्थित मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के कार्यालय पर जा रहीं थी। रास्ते में उनके आगे चल रहे ट्रेक्टर चालक ने अपना ट्रेक्टर रोक दिया और बिना देखे उतर गया। जिसे बचाने के चक्कर में राजू खान की बाइक असंतुलित हो कर सड़क पर गिर गई।

- पार्षद परवीन मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के कार्यालय पर जा रही थी

इस दुर्घटना में जहां राजू के पैर में गंभीर चोट आई। वहीं मनोनीत पार्षद परवीन भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिस पर राजू ने घर पर दुर्घटना की सूचना दी। जिस पर उनके परिजन उन्हें इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परवीन को इलाज के लिए भर्ती कर लिया। वहीं राजू खान को प्राथमिक उपचार दिया गया। फिलहाल पार्षद परवीन का जिला आरबीएम अस्पताल में इलाज जारी है। उनकी दुर्घटना की सूचना पाकर कांग्रेस के पदाधिकारी भी उन्हें देखने के लिए जिला आरबीएम अस्पताल पहुंचे।

# करौली में दूसरे दिन भी बन्द रहे माली समाज के प्रतिष्ठान

## प्रतिष्ठानों के लोगों ने दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग की

**करौली, (निसं)।** करौली में माली सैनी आरक्षण मामले में जयपुर में हल्ला बोल रैली के दौरान पुलिस द्वारा की गई बर्बरता पूर्ण कार्यवाही और 84 लोगों को गिरफ्तार कर जेल में बंद करने के विरोध में दूसरे दिन भी करौली जिले में सैनी, माली समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद कर विरोध जताया।

सैनी माली समाज के समाज के लोगो, थोक सब्जी मंडी, फुटकर सब्जी की दुकानें व अन्य प्रतिष्ठानों के लोगों का कहना है कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त नहीं किया जाएगा और जेलों में बंद सभी समाज के लोगो को रिहा नहीं किया जाता तब तक यह प्रतिष्ठानों को बंद करने का एवं धरना प्रदर्शन का कार्य अनिश्चितकाल चलेगा सैनी, माली समाज पिछले लंबे समय से 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर राजस्थान में जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर जिला कलक्टर उप जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन देकर मांग करता रहा है गत 15 सितंबर को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में सैनी, माली समाज की हल्ला बोल रैली आयोजित की गई इस दौरान सरकार की तरफ से कोई पक्ष वार्ता के लिए नहीं आने पर आक्रोषित युवाओं द्वारा जयपुर सीकर रोड हाईवे को जाम किया गया।



**करौली में बन्द पड़ी माली समाज की फल सब्जी की दुकानें।**

इस दौरान सोते हुए लोगों पर पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्यवाही से सैकड़ों लोग घायल हो गए एवं सैकडों लोगों को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया जिसके विरोध में करौली में माली समाज द्वारा पिछले 2 दिन से अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध जताया जा रहा है और मांग की जा रही है कि जब तक समाज के गिरफ्तार युवाओं को रिहा नहीं किया जाता और दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।